# Greenlawns School - Worli

Terminal Examination - 2016

कक्षा :- पाँचवीं

पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 06.10.2016

समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

---

विभाग - अ

भाषा - विभाग

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. मेरी प्रिय ऋतु

ii. रक्षाबंधन

iii. अगर मैं पक्षी होता / होती

प्रश्न 2) नीचे दिए गए मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए और अंत में उससे मिलनेवाली सीख तथा उसका शीर्षक भी लिखिए :- (7)

एक चरवाहा .......... जंगल में भेड़ों को चराना .......... झूठ बोलने की आदत .......... एक दिन शरारत करना .......... झूठ ही चिल्लाना कि भेड़िया आया है .......... लोगों का दौड़कर मदद के लिए आना .......... चरवाहे का हँसना .......... लोगों का वापस लौट जाना .......... चरवाहे का दो - तीन बार ऐसे ही करते रहना .......... लोगों का हर बार आना और उसका हँसना .......... एक दिन सचमुच भेड़िया आना .......... चरवाहे का मदद के लिए चिल्लाना .......... किसी का न आना .......... भेड़िये का उसकी भेड़ों को मार डालना .......... सीख ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (8)

कश्मीर भारत के उत्तर में स्थित हैं । ऊँचे - ऊँचे पर्वतों से घिरी हुई यह घाटी सचमुच पृथ्वी का स्वर्ग है । पर्वतों की ढलानों पर देवदार , चीड़

और सफेदे के वृक्षों की पंक्तियाँ मन को आकर्षित कर लेती हैं। यहाँ कहीं तो पानी की स्वच्छ झीले हैं और कहीं कल - कल करते झरने बहते हैं। बर्फ से ढँकी पर्वतमालाएँ हैं। पहाड़, झील, झरने, वन, उपवन, चरागाह, सीढ़ीनुमा हरे - भरे खेत और फलों से लदे पेड़ इसकी शोभा बढ़ाते हैं। कश्मीर की राजधानी श्रीनगर है जो दो पहाड़ियों के बीच बसा है, एक का नाम है हरिपर्वत और दूसरी का शंकराचार्य पर्वत।

डल झील जो मीलों लंबी है, उसमें बहते हुए खेत देखकर आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहता। ये खेत लकड़ी के बड़े - बड़े फट्टों पर लकड़ी का चूरा, मिट्टी, घास आदि जमा कर, फिर उस पर खाद और मिट्टी बिछाकर तैयार किए जाते हैं। इन खेतों को नावों के साथ बाँधकर यहाँ के लोग इधर - उधर कहीं भी ले जा सकते हैं। डल झील के किनारे जहाँगीर द्वारा बनवाए गए सीढ़ीनुमा शालीमार और निशात बाग अतिसुंदर हैं। सम्राट अशोक द्वारा हजारों वर्ष पहले बसाया गया यह नगर अपनी शोभा आज भी बनाए हुए है।

प्रश्न :-

i. कश्मीर को क्या कहा जाता है? यहाँ पर कौन - से दृश्य हमारे मन को आकर्षित कर लेते हैं? (2)

ii. कश्मीर की राजधानी क्या हैं? वह कहाँ पर बसा है? (2)

iii. डल झील के बहते हुए खेतों का वर्णन कीजिए। (2)

iv. कश्मीर को किसने बसाया था? इसकी शोभा किससे बढ़ती हैं? (2)

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

1. रात्रि     2. गंगा

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

1. जड़     2. प्रेम

iii. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (2)

1. जो छोटा भाई हो -
2. जो ईश्वर में विश्वास नहीं रखता -
3. जो आवश्यक हो -
4. भाषण देनेवाला -

iv. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (3)

1. आँखों में धूल झोंकना - 2. उँगली पर नचाना -

v. निर्देशानुसार वाक्य बदलिए :- (7)

1. आचार्य बड़े बुद्धिमान है ।
   ( लिंग परिवर्तन कर वाक्य पुन: लिखिए । )
2. चुहिया मैदान में भाग रही है ।
   ( वचन परिवर्तन कर वाक्य पुन: लिखिए ।)
3. कुतुबमीनार अपनी लंबाई के कारण प्रसिद्ध है ।
   ( संज्ञा पहचानकर उसका भेद लिखिए । )
4. जिसने चोरी करने का अपराध किया है, उसे सज़ा अवश्य मिलेगी ।
   ( सर्वनाम पहचानकर उसका भेद लिखिए । )
5. मैंने दुकान से सात किताबें और पाँच मीटर कपड़ा खरीदा ।
   ( विशेषण पहचानकर उसका भेद लिखिए । )
6. तालाब में बतख तैर रही है ।
   ( क्रिया पहचानकर लिखिए । )
7. कल हम इंडिया गेट घूमने जाएँगे ।
   ( काल पहचानकर भेद लिखिए ।)

विभाग - ब

साहित्य - विभाग



उलटकर देखिए

## गद्य - विभाग

प्रश्न 5) अ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो :- (12)

i. बड़ा होने पर चंद्रगुप्त किसकी सहायता से क्या बना और उसने कौन - सा बड़ा काम किया ?

ii. ब्लैक ब्यूटी ने किसे अपनी पीठ पर से उछाल दिया था ? व क्यों ?

iii. नंद की सभा में सभी बालक का कौन - सा कार्य देखकर चकित रह गए ?

iv. डार्की कब निहाल हो जाता था और उसकी माता उसे कौन - सी बातें बताती थी ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- (3)

i. डार्की का मालिक कैसा था ?

ii. राजा नंद ने प्रसन्न होकर चंद्रगुप्त को कहाँ पर पढ़ने के लिए भेजा ?

iii. नंद की सभा किससे भरी रहती थी ?

इ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (3)

i. आखिर वह दिन भी आया , जब मुझे एक .......... .......... पर मालिक को लेकर जाना था ।

ii. पहले राजा लोग एक - दूसरे के बल , .......... और .......... की परीक्षा लिया करते थे ।

iii. ओह ! कभी - कभी जानवर भी .......... की बुद्धि को .......... दे देता है ।

उ) निम्नलिखित वाक्य 'किसने , किससे कहा' लिखिए :- (3)

i. " इसका नाम ब्लैक ब्यूटी कैसा रहेगा । "

ii. " मैं निकाल दूँगा । "

iii. " हम लोगों को राजा ने दंडित किया है । "

ऊ) शब्दार्थ लिखिए :- (3)

1. कुतूहल 2. गृह

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | शलाकाओं | 4. | छबीला |
| 5. | भीषण | 6. | घुड़साल |

## कविता - विभाग

प्रश्न 6) क) निम्नलिखित दोहों के भावार्थ लिखिए :- (4)

1. ऐसी बानी बोलिए , मन का आपा खोय ।
   औरन को सीतल करे , आपहुँ सीतल होय ।।

2. काल करै सो आज कर , आज करै सो अब ।
   पल में परलय होयगी , बहुरि करैगो कब ।।

प्रश्न 6) ख) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण करके उसके नीचे कविता के कवि का नाम भी लिखिए :- (4)

एक सुंदर ...............................

..........................................

..........................................

..........................................

..........................................

..........................................

.............................. देता है कर ।

ग) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पोथी | 2. | आखर |
| 3. | कढ़ी | 4. | भाग्य |

## मधु - कलश

प्रश्न 7)

i. किसान ने बादशाह को इंसानियत का क्या पाठ पढ़ाया ? (2)

ii. मिस्त्र में दासों का जीवन कैसा था ? (2)

iii. आदमी कहाँ पर रोता - चिल्लाता घूम रहा था ? उसे देखते ही बादशाह को क्या याद आया ? (2)

---------------- स मा प्त ----------------